नगरपालिकाओं की सेवाओं के प्रान्तीयकरण के लिये हमारा यह निवेदन है कि चतुर्थ श्रेणी तथा हरिजन कर्मचारियों के पदों को छोड़ कर शेष सब पदों का प्रान्तीय करण कर दिया जाना उचित होगा किन्तु इसके पहले दो काम करने आवश्यक होंगे। प्रथम - राज्य की सम्पूर्ण नगरपालिकाओं में समान सेवा स्थिति होना तथा द्वितीय उनके कार्यालयों का समान संगठन होना। यदि सेवा नियम समान नहीं हुए तो स्थानान्तरण में कुछ कर्मचारियों को हानि होगी तथा कार्यालयों में एक सूत्रता नहीं होने पर कर्मचारियों की दक्षता में वृद्धि नहीं होगी वरन् कमी की ही संभावना है। यदि पदों का भेद रहा तो उन पदों पर कार्य करने वाले कर्मचारियों का स्थानान्तरण भी नहीं हो सकेगा।

जैसा कि हमने उपर निवेदन किया है कि नगरपालिकाओं मे व्यक्तिगत तत्व (Personal Elements) बहुत काम करते हैं और कर्मचारियों को उनका बार बार शिकार होना पड़ता है। अतः हमारा सुझाव है कि स्थानान्तरण जिले तक ही सीमित रखे जायं।

यहां यह सूचना भी विषयांतर नहीं होगा कि नगरपालिकाओं की सेवाएं किन्हीं दृष्टियों से राज्य सेवाओं से कठिन तथा विविध प्रकार के ज्ञान एवं अनुभव की अपेक्षा रखती हैं। भूतपूर्व हैदराबाद राज्य में इसी बात को दृष्टि में रखते हुए नगरपालिका कर्मचारियों को राज्य कर्मचारियों से अधिक वेतन मिलता था। राज्य के एक आर.ए.एस. अधिकारी को भी एक विशेष प्रकार का ही काम करना पड़ता है किन्तु जब वह किसी नगरपालिका में अधिकारी नियुक्त किया जाता है तो नगरपालिकाओं में विविध प्रकार के कार्यों को देखकर वह असमंजस में पड़ जाता है। यहां काम व्यवस्था से, सफाई से, हिसाब - किताब से, न्याय से, निर्माण कार्यों से विधायक आदि से संबंध रखता है। वह अधिकारी यहां की विविध प्रवृतियां तथा जटिल वातावरण को देख कर एक बार तो किंकर्तव्य विमूढ़ हो जाता है। कभी उसे विधायक के रूप में किसी नियम-उपनियम का निर्माण करना पड़ता है तो कभी प्रशासक के रूप में व्यवस्था जमानी पड़ती है, कभी निर्णायक की भांति निर्णय देना पड़ता है, कभी हैल्थ आफिसर की भांति सफाई की व्यवस्था करनी पड़ती है तो कभी इन्जिनियर की भांति जन निर्माण कार्य

के संपादन
कार्य करने पड़ते हैं। परन्तु विविध प्रकार के कार्यों के लिये विविध प्रकार के ज्ञान तथा प्रशिक्षण की आवश्यकता होती हैं जिनका उनमें अभाव होता हैं। इस कारण वे म्युनिसीपल सेवाओं में हमेशा सफल नहीं होते। इस स्थिति को सुधारने के लिये 'राजस्थान म्युनिसीपल सर्विसेज' नाम की सेवाओं की स्थापना की जायं और इन सेवाओं में जाने वाले अधिकारियों के लिये विशेष प्रकार के प्रशिक्षण की व्यवस्था की जायं। चूंकि राजस्थान की नगरपालिकाएं अन्य राज्यों की नगरपालिकाओं से कई दृष्टियों से पिछड़ी हुई हैं और इनकी प्रगति के लिये तथा अन्य राज्यों की नगरपालिकाओं के समकक्ष लाने के लिये हमारे ये अधिकारी सक्षम होंगे, ऐसी हमें आशा हैं।

जहां तक नगरपालिकाओं में कर्मचारियों की भर्ती का सवाल हैं, हमारी मान्यता हैं कि हरिजन तथा चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को छोड़कर शेष सब कर्मचारियों की भर्ती पब्लिक सर्विस कमिशन से होनी चाहिये। वर्तमान समय में जो भाई - भतिजावाद चलता हैं वह इस प्रक्रिया द्वारा बन्द हो जायेगा। इसे बन्द करना कई दृष्टियों से उचित भी हैं। क्योंकि यह भाई - भतिजा वाद और संबंधीवाद आगे जाकर कई प्रकार से विष वृक्षों में प्रस्फुटित होता हैं और नगरपालिकाएं योग्य एवं परिश्रमी कर्मचारियों की सेवाओं से वंचित रह जाती हैं।

नगरपालिकाओं के कर्मचारियों का चयन वर्तमान पी.एस.सी. भी कर सकती हैं और यदि वर्तमान जन - सेवा - आयोग के पास इतना समय न हो तो उसके सदस्यों की संख्या बढ़ाई जाकर अथवा एक भिन्न आयोग की स्थापना की जाकर यह काम किया जा सकता हैं।

आशा हैं समिति के माननीय सदस्य इस ज्ञापन पर सहृदयतापूर्वक विचार करेंगे तथा परिस्थितियों की गंभीरता को समझेंगे! विभुक्षित, अरक्षित तथा भविष्य के प्रति चिंतातुर म्युनिसीपल कर्मचारी की वेदना, बेबसी तथा असंतोष का सही अर्थों में मूल्यांकन कर सकेंगे और उसे मानवोचित जीवन बिताने के लिये आवश्यक सहायता देंगे। हम नहीं चाहते कि म्युनिसीपल कर्मचारियों में व्याप्त असंतोष प्रान्त व्यापि हड़तालों के रूप में प्रकट हों किन्तु यदि समय रहते इन समस्याओं के हल के लिये कोई सक्रिय तथा फलप्रद कदम नहीं उठाये गये तो परिस्थिति काबू के बाहर भी हो सकती हैं।

यदि समिति इस ज्ञापन के उपरोक्त मुद्दों पर या और किसी प्रकार का स्पष्टीकरण चाहें तो वह सहर्ष प्रस्तुत करेंगे। इन मुद्दों पर विचार करते समय यदि समिति हमारे प्रतिनिधि को बुलाना पसंद करे तो हम उसके आभारी होंगे।

रामनाथ [illegible]
मंत्री

118 MAY 1959

# Rajasthan Municipal Employees Federation (Rajasthan)

Head Office :- UDAIPUR

Ref No. SMKS/U-G/59. /59-60 Dated 15th May 1959.

To,
~~The Secretary~~,

Comrade S.A. Dange,

General Secretary, All India Trade Union Congress,

NEW DELHI.......

Sub. : A PROPOSAL FOR AN ALL INDIA MUNICIPAL / DISTICT BOARD EMPLOYEES UNIONS CONFERENCE TO BE HELD IN SEPTEMBER 1959

Dear Friend,

I take the liberty to inform you that the year 1957 proved to be a remarkable Year from the point of view of almost all the Unions of Municipal Employees in the State of Rajasthan because of the fact that in that year a Federation named above was organised for the betterment of almost all the Employees of Municipalities.

The Executive of this Federation, which met at Kishangarh during December 1958 to consider some urgent matters, adopted a Resolution in this regard, a copy of which is being sent herewith for your perusal. As can be seen from the Resolution itself it desires to move the Provincial Governments concerned for the betterment of the living conditions and status of the Municipal Employees and in order to give this thought a united voice, our Federation is considering the possibility of holding an All-India Conference of Delegates from Municipal and District Board Employees Unions all over the Country. The month of September is very pleasent in the year for this City of Lakes when the rains are just over giving the surroundings a lovely and lively green look and hence I feel that it would be helpful in multiplying the enthusiasm of the Delegates who would assemble here.

You would fully agree with the views expressed in the Resolution and would not hesitate to add your strength to the endeavour suggested by our Federation. I would, appreciate, therefore if you would be kind enough to let me know your esteemed opinion in this matter and also your reaction to the proposal to hold this Conference here in Udaipur.

I am sure you would take an immediate action in the matter so that the required data could be collected by us well in advance.

Thanking you,

Yours faithfully,

R. Sharma

SECRETARY

Rajasthan Municipal Employees Federation

# Resolution

WHEREAS:- After the achievement of freedom of the Country, it (Country) has adopted a Constitution founded on Democracy and the Nation is progressing like a true Democratic Country;

" Citizens of the Country, can see the form of Democracy well through their Local Bodies from a much nearer point;

" Local Bodies are foundation-springs of Democracy and their success and strength can result in the fruition of Democracy and the formation of healthy traditions of Democracy:

" Inspite this much importance of Local Bodies in the Democratic set-up of the Country, their Employees are in neglected and wretched condition;

" Along with the amelioration of the condition of the Local Bodies, the amelioration of the condition of their Employees is equally indispensable, and

" There is a similarity of purpose between the Rural Local Bodies & Urban Local Bodies, the same similarity is also there in the problems & needs of these Employees.

Therefore, the Central Committee of the " RAJASTAN MUNICIPAL EMPLOYEES FEDERATION " — resolves that an organizion on all India Level consiting of the Representatives of the Employees of all Local Bodies of all the States of India be formed so that a feeling of brother-hood among these Employees living in different part of the Country may be fostered and at the same time an opportunity to discuss their problems and to thrash-out their solutions may be made available.

3.6.59.

Dear Com. Ramachandra Shrama,

Please find enclosed copy of a circular that we have issued to all our State Trade Union Committees and Municipal Unions in connection with the All-India Conference proposed by you.

Enclosed herewith is also a list of names and addresses of Municipal and Local Bodies Employees Unions affiliated to the A.I.T.U.C.

Greetings,

Yours fraternally,

Secretary

ALL-INDIA TRADE UNION CONGRESS

4 Ashok Road, New Delhi

---

Circular No. STUC/7/59 June 2, 1959

To
All STUCs

Sub: ALL-INDIA CONFERENCE OF MUNICIPAL/DISTRICT BOARD EMPLOYEES' UNIONS

Dear Comrades,

The Rajasthan Municipal Employees' Federation, Udaipur, has proposed that an all-India conference of unions in Municipalities and District Boards should be held at Udaipur, some time in September this year. The conference will discuss problems of common interest to municipal and local boards' employees and explore possibilities for the formation of an all-India Federation.

State TUCs are requested to circularise unions in municipalities and local bodies in the state to get in touch with the Rajasthan Federation and prepare for the all-India conference.

The address of the Rajasthan Federation is as follows:

Shri Ramchandra Sharma,
Secretary,
Rajasthan Municipal Employees' Federation,
UDAIPUR,
Rajasthan.

Necessary steps may be taken by the State TUC to make the projected conference a success.

With greetings,

Yours fraternally,

(K.G.Sriwastava)
Secretary

Copy to: Unions in Municipalities & Local Bodies.

July 1, 1959

General Secretary,
Municipal Mazdoor Union,
204 Charni Road,
BOMBAY 4

Dear Comrade,

This is to acknowledge receipt of your letter No.MMU/53/1569/59 dated 27th June 1959 addressed to Comrade Dange.

Comrade Dange is in Bombay and is not expected here till the third week of this month. We would therefore suggest that you contact him there on the points raised in your letter.

With greetings,

Yours fraternally,

Office Secretary

किशनगढ़ म्युनिसिपल कर्मचारी यूनियन, मदनगंज, किशनगढ़.

पत्र संख्या ७६                                                                 ता० २,७,५९ ई०.

श्रीमान लेबर कमिश्नर साहब,
लेबर एण्ड डेम्प्लोयमेन्ट आफिस ,
अजमेर जिला, अजमेर.

विषय :- पुन हड़ताल नोटिस.

सम्बन्ध मे :- आपके पत्र संख्या ३४६३ ता० २८ ,६ ,५९ व संख्या ३५३० ता० १,७,५९ ई०.

प्रिय महोदय,

आपने अपने उपरोक्त पत्रो मे यह बताया है कि लेबर कानूनो मे पुन हड़ताल जैसे शब्द का कोई स्थान नही है क्योकि इण्डस्ट्रीयल डिस्प्यूट एक्ट की धारा के मुताबिक २२ के अनुसार हड़ताल नोटिस दिया जाय.हम आपके इस सुझाव को सही मानते है और कानूनी मुद्दा भी यही है.लेकिन यूनियन को जब वैधानिक तौर पर हड़ताल करने का हक प्राप्त है तब पुन हड़ताल करने की नौबत क्यो आई इसका खुलासा ता० १०,६,५९ को किशनगढ़ मे भी आपके सम्मुख किया जा चुका है.फिर भी आपको इन पत्रो का जवाब लिखित मे देना यूनियन इस मौके पर जरूरी समझती है.

इस मौके पर मै आपका ध्यान यूनियन द्वारा सन ५७ मे आपको व बोर्ड को पेश की गई उन ७ मांगो की ओर दिलाना चाहता हूं जिनका केस आज भी राजस्थान की इन्डस्ट्रियल अदालत मे विचाराधीन है.आपने इन मांगो पर कन्सीलेशन शुरू किया.लेकिन चेयरमैन महोदय ने आपके कन्सीलेशन का बायकाट किया और इण्डस्ट्रीयल डिस्प्यूट एक्ट की धाराओ का खुले आम उल्लंघन किया.तब आपने यह केस कन्सीलेशन फेल होने पर अपनी रिपोर्ट के साथ राज्य सरकार को भेजा.राज्य सरकार ने अपने नोटिफिकेशन नम्बर .एफ.४ [illegible] २० [illegible] ,लेबर/५८ ता० २५ अगस्त १९५८ को राजस्थान इन्डस्ट्रियल अदालत को यह केस भेज दिया गया. तब से यह केस पूर्ण इन्डस्ट्रियल अदालत मे चल रहा है जैसा कि आपने उपरोक्त पत्र मे भी लिखा है.

जब कि इण्डस्ट्रीयल डिस्प्यूट एक्ट ४७ की धारा ३३ (१) (ए) कर्मचारियो की सर्विस कण्डिशन मे किसी भी तरह का परिवर्तन करने की इजाजत म्युनिसिपल बोर्ड या चेयरमैन महोदय को नही देती तो फिर उन्होने मेघीलाल, ओंकारलाल, नन्दलाल कर्मचारियो को नौकरी से पृथक किया.क्या यह कानून को तोड़ना नही है.क्या डिसिप्लिन का आरोप आप या चेयरमैन महोदय जो हमारे ऊपर लगाना चाहते है उसके जिम्मेदार भी चेयरमैन महोदय खुद नही है.क्या इस पार्टी के वातावरण मे भी उत्तेजना फैलाने की जिम्मेदारी भी चेयरमैन महोदय पर नही है.

जो सरकार ट्रेड यूनियन्स तथा मजदूरो से न्याय व कानून के प्रति आस्था रख कदम उठाने की सलाह देती है उसका यह भी काम है कि वह यदि उसके खुद के ही स्वायत्त शासन संस्थाओ के अधिकारियो और बड़े सरकारी पदो पर काम करने वाले चेयरमैन महोदय को भी इस तरह गैरकानूनी और अवैधानिक तौर खुले आम न्याय व्यवस्था के खिलाफ व्यवहार करने पर

[illegible]

रही है.शहर की सफाई शान्ति को भंग करने की कोशिश यूनियन नहीं कर रही है.बल्कि किशनगढ़ म्युनिसिपल बोर्ड के चेयरमैन महोदय खुद इसके जुम्मेवार है.जैसा कि आपने अपने उपरोक्त पत्र मे जाहिर किया है.

आपके लिखने के मुताबिक हम भी चाहते और ये नहीं चाहते है कि अब राजस्थान की श्रम अदालत मे हमारे केसेज चल रहे है तो कर्मचारियों की सर्विस कण्डिशन मे किसी तरह का कोई परिवर्तन नहीं किया जाय.

इसलिये हमारी मांग है कि श्री प्रभोदराज ,छोटूलाल ,तथा मदनलाल चपरासी को तुरन्त उसी तारीख से काम पर लेकर अब तक का पूरा वेतन दिया जाय जिस तारीख से इनको पृथक किया गया था.

इस आधार पर श्री चेयरमैन महोदय से बातचीत करके हम शान्तिपूर्ण तरीको से इन केसो को तय करने की पूरी कोशिश करेंगे फिर भी यदि उन्होने इन मामलो को नहीं निपटाया तो यूनियन अपने पूर्व फैसले के अनुसार ७ जुलाई ५८ से शहर सफाई बन्द हड़ताल आयोजित करेगी.जिसकी जुम्मेवारी यूनियन व कर्मचारियों न होकर चेयरमैन महोदय और म्युनिसिपल बोर्ड किशनगढ़ की होगी.

उपरोक्त स्पष्टीकरण से यह निर्विवाद सत्य है कि कानून व शान्ति भंग करने की जुम्मेवारी यूनियन व कर्मचारियो की न होकर खुद चेयरमैन साहब महोदय की होगी.

आपका

प्रेसिडेन्ट

किशनगढ़ म्युनिसिपल सफाई कर्मचारी यूनियन, मदनगंज, किशनगढ़.

प्रतिलिपि आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

१. श्रीमान चेयरमैन महोदय, म्युनिसिपल बोर्ड किशनगढ़.
२. श्रीमान लेबर कमिश्नर साहब, राजस्थान, जयपुर.
३. श्रीमान सेक्रेटरी साहब, लोकल सेल्फ गवर्नमेन्ट, राजस्थान सरकार, जयपुर.
४. श्रीमान जनरल सेक्रेटरी सा०, राजस्थान म्युनिसिपल कर्मचारी फैडरेशन, उदयपुर.
५. श्रीमान जनरल सेक्रेटरी सा०, राजस्थान ट्रेड यूनियन कांग्रेस, पाली मारवाड़.
६. श्रीमान जनरल सेक्रेटरी सा० आल इण्डिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस, ४ अशोक रोड, नई दिल्ली.
७. श्रीमान कलेक्टर साहब, अजमेर जिला, अजमेर.

आपका

प्रेसिडेन्ट

किशनगढ़ म्युनिसिपल कर्मचारी यूनियन, मदनगंज, किशनगढ़.

किशनगढ़ म्युनिसिपल कर्मचारी यूनियन, मदनगंज, किशनगढ़.

पत्र संख्या ८५ ता० ३, ७, ५९ ई०.

297

श्रीमान चेयरमैन महोदय,
म्युनिसिपल बोर्ड किशनगढ़.

विषय :- किशनगढ़ म्युनिसिपल कर्मचारी यूनियन द्वारा मांगों के लिये भूख हड़ताल करने सम्बन्धी.

सम्बन्ध में :- आपके पत्र संख्या १२७० ता० २,७,५९ ई०.

प्रिय महोदय,

आपका उपरोक्त पत्र प्राप्त हुआ. ता० १० ,६,५९ को श्रीमान लेबर व वेलफेयर ऑफिसर साहब के साथ आपकी उपस्थिति विषय में जो बात चीत हुई उसके बारे में आपसे अनुरोध है कि किशनगढ़ म्युनिसिपल कर्मचारी यूनियन का सदैव से यही प्रयास रहा है और अब भी है कि कर्मचारियों की हर उचित मांगों को बातचीत और आपसी विचार विमर्श से ही निपटाया जाय. इस सम्बन्ध में श्रीमान लेबर वेलफेयर साहब के सामने भी समझौता किया था उसके अनुसार यूनियन का एक प्रतिनिधि व स्वयं आपसे मिल रहा है. कृपया हमारी निम्नलिखित चारों मांगें स्वीकार करके आपसी सहयोग का वास्तविक वातावरण तैयार करने में मदद दीजिये.

मांगें १. श्री छोटूलाल, भंवरसिंह, भगवानदास चपरासी को पृथक करने की तारीख से कामपर लेकर उनको अब तक का पूरा वेतन दिलाने की कृपा करावें.

२. मांग नम्बर २ के सम्बन्ध में लेबर वेलफेयर साहब के सम्मुख हुई बातचीत के आधार पर शीघ्र ही आपके पास [illegible] भेज देंगे.

३. मांग नम्बर ३ के सम्बन्ध में आपने लेबर वेलफेयर साहब के सामने जो सुझाव दिया था यूनियन स्वीकार करती है.

४. मांग नम्बर ४ के बारे में भी हम [illegible] शीघ्र आपके सम्मुख रखने के लिये तैयार है.

उपरोक्त मांगों में मांग नम्बर १ के बारे में श्रीमान लेबर वेलफेयर साहब ने अपनी १० ,६,५९ की बातचीत में तथा यूनियन को भी पत्र संख्या ३५३० ता० १,७,५९ को देकर और जिसकी प्रति आपको भी भेजी उसके अनुसार उक्त उपरोक्त कर्मचारियों का केस जब अदालत में चल रहा है तब इण्डस्ट्रियल डिस्प्यूट एक्ट के अनुसार इन कर्मचारियों को पृथक करना उचित नहीं है. इसलिये आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त भूख हड़ताल की समस्या का समाधान इन तीनों कर्मचारियों को पृथक करने की तारीख से काम पर पूरे वेतन सहित लेने पर ही हो सकेगा.

अतः आशा है आप अपने उपरोक्त पत्र के अनुरूप ही इन मांगों को निपटाने में पूर्ण सहयोग देकर देने की कृपा करेंगे जिसके अभाव में पूर्व निर्धारित तिथि से भूख हड़ताल पर जाना अनिवार्य हो जाता है.

भवदीय

[signature]

प्रेसिडेन्ट

प्रतिलिपि :-

297

Tel: 28152.

MUNICIPAL MAZDOOR UNION, BOMBAY

204, Charni Road,
BOMBAY - 4

July 5, 1959.

Press statement issued by Shri George Fernandes, General Secretary, Municipal Mazdoor Union.

---------

Two strikes in the city, one of 7 hundred workmen of New Era Silk Mills and the other of 800 workmen from National Electrical Industries Ltd., have been defying settlement for over two months now. In the case of the National Electrical Industries, the management has gone back on a settlement arrived at with Union.

Even though the number of workmen involved in these strikes is very small, the issues involved in them are so grave that they have put at stake the very existence of the organised trade union movement. In both cases, the employers have sought cover under a recent judgment of the Supreme Court to victimise the leaders of the workers in their establishments and thereby break their unions.

During the 15th Indian Labour Conference at Delhi in July, 1957 and the 16th tripartite ~~xxxxxx~~ conference at Nainital in May, 1958, a great deal of fuss was made over evolving what has come to be known as a Code of Conduct for maintaining discipline in industry. The veterans of the country's labour movement inspite of their knowledge and experience of the reactionery nature of the employers and of the Government agreed to this so-called Code of Conduct. The result has been that when the employers cried "wolf" the Government has rushed to their aid and suppressed the workers' strikes as illegal as was done in the case of the 25th July General Strike in Bombay. But when the employers act rashly and tear the Code to pieces by victimisation of workers, by refusing to negotiate with unions, etc. the Government not only fails to act, but even encourages the employers.

Both the unions involved in the present strikes are affiliated to the AITUC which is a party to the Code. I would like the AITUC leadership and especially Mr. S.A. Dange, its General Secretary, to repudiate the Code of Conduct immediately and call upon other central organisations of labour also to do the same. Angry statements have never moved our Government, and will not move it in the present case either. I also hope that the enitre working class of Bombay city will stand behind the striking workers and help them to carry on their struggle to a glorious end.

George Fernandes,
General Secretary.

Copy of:

1 1 1959

# Rajasthan Municipal Employees Federation

( Rajasthan )

Head Office:-Udaipur

Ref No. 763/57-60 Dated 3rd August 1959.

To,
The Editor,
" Jan-Yug ",
LUCKNOW.

Dear Commarade,

In your issue of the 21st June '59 a report was noticed that the Local Bodies Union (Federation) in the United Kingdom is the beggest of its kind in that Country. This report was incorporated in the articlecontributed by Shri Rajiv Saksena on the International Comments.

Our Federation is contemplating to hold an All India Conference of Muncipal Employees Unions and we would like to contact a few selected Unions from abroad as well.

Will it be possible for you, therefore, to kindly let us have the postal Address of the Registered Office of the Federation of Municipal Workers Union in the United Kingdom so that an invitation may be sent out to them also.

An early action will be appreciated

Thanking you,

Yours faithfully,

R. Chandra Sharma

(RAMCHANDRA SHARMA )
SECRETARY.

S. A. DANGE,

(297)

4 Ashok Road,
New Delhi

August 12, 1959

My dear George Fernandes,

Your letter dated 10th August. I will put the papers and the question you have raised before the Samiti, when it meets next.

As a trade unionist, I should, of course, hold that the first thing for either party is to negotiate things across the table and try to have a negotiated agreement on the questions concerned. As regards what should be done if negotiations fail, I think, at present, the general atmosphere is to hold the view that disputed matters may be referred to arbitration by the consent of both parties. But that need not be made a condition precedent for negotiations. However, I will discuss it with you and others when I come to Bombay on 19th.

Yours sincerely,

S A Dange

(S.A.DANGE)

7 OCT 1959 राजस्थान म्युनिसीपल कर्मचारी संघ

पत्र संख्या- आर.एम.के.एस.यु-जी/१२२७/५९-६०

प्रधान कार्यालय-उदयपुर
दिनांक २८-८-५९

297

और से
मंत्री,
राजस्थान म्युनिसीपल कर्मचारी
संघ, उदयपुर ।

वास्ते
श्री शासन सचिव महोदय,
स्वायत शासन विभाग, राजस्थान,
जयपुर

विषय :- नगरपालिका कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन ८५)
पिच्यासी रूपया मासिक कायम करने हेतु ।

महोदय,

राजस्थान सरकार ने राजपत्र दिनांक ९ जुलाई १९५९ में नगरपालिकाओं को तीन श्रेणि-यों में विभाजित कर नगरपालिका कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन निर्धारित किया हैं, जो ९-९-५९ से लागू होगा ।

राजस्थान म्युनिसीपल कर्मचारी संघ की केन्द्रीय समिति ने अपनी बैठक दिनांक १२ और १३ जुलाई को एक प्रस्ताव पास किया कि नगरपालिका कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन ८५) रूपया मासिक निश्चित करने हेतु राजस्थान सरकार से निवेदन किया जायं ।

इसके पूर्व मैने अपने पत्र संख्या - आर.एम.के.एस.यु-जी/७३३/५९-६० दिनांक २१-५-५९ और पत्र दिनांक १२-६-५९ द्वारा उक्त मांग रखी थी, जिसके पश्चात राजपत्र में न्यूनतम वेतन के संबंध में राजाज्ञा प्रकाशित हुई ।

राजस्थान सरकार ने सन् ५५ में उक्त वेतन की दरें निश्चित करना प्रस्तावित किया था जो जनवरी ५८ में राजपत्र में प्रकाशित हुई और वे अब १९५९ के सितम्बर मास से लागू होगी।

राज्य सरकार ने वर्तमान काल में बढ़ती हुई मंहगाई का खयाल न रख और वर्तमान परिस्थिति को देखे बर ही यह न्यूनतम वेतन निश्चित किया हैं, जिसके द्वारा किसी भी नगर-पालिका के कर्मचारी को लाभ होने वाला नहीं हैं ।

सरकार ने न्यूनतम वेतन दरें निश्चित करने में नगरपालिका को तीन श्रेणियों में विभाजित किया हैं । नगरपालिकाओं का श्रेणी विभाजन समाप्त करने के लिये हमने १३ और १४ दिसम्बर १९५७ को, ७ और ८ अक्टूबर १९५८ को और पुन: हाल में ही प्रेषित ज्ञापन में भी मांग की हैं । प्रत्येक श्रेणी के कर्मचारी का अलग अलग वेतन निर्धारित करना इस समय अव्यवहारिक, अवैज्ञानिक और न्याय संगत नहीं हैं । एक ओर राज्य सरकार नगरपालिका कर्मचारियों की सेवाओं का प्रान्तीयकरण कर रही हैं और दूसरी ओर असैद्धान्तिक प्रणाली द्वारा कर्मचारियों के भरपेट भोजन की व्यवस्था नहीं कर रही हैं और इस प्रकार मजदूरों का शोषण से राहत नहीं दिला रही हैं ।

राज्य सरकार द्वारा इस प्रकार न्यूनतम वेतन का निर्धारण करना अवांछित हैं । कर्मचारी किसी भी श्रेणी की नगरपालिका में काम करें, उसका काम समान हैं और चाहे वह किसी स्थान में रहे, उसकी आवश्यकतायें समान हैं । मार्गों की सुविधायें एवम् परिवहन साधनों के विकास के कारण एक शहर से दूसरा शहर बहुत समीप आ गया हैं । आज गांवों के भावों तथा शहरों के भावों में कहने लायक अन्तर नहीं रहा हैं और इसलिये उसके खर्चे भी

समान हैं, फिर उनके वेतन में अन्तर रखना युक्ति संगत एवम् न्यायोचित नहीं कहा जा सकता। हमारी राष्ट्रीय सरकार ने 'समाजवादी समाज रचना' करने का निश्चय किया। इस निश्चय के अनुसार 'समान काम करने वालों को समान वेतन दिया जायं' - इसका पालन स्वयं राज्य सरकार को करना चाहिये तथा अपनी स्वायत शासन संस्थाओं में करना चाहिये। एक ही नगर में एक ही प्रकार का कार्य करने वाले केन्द्रीय, राज्य सरकार के और नगरपालिका के कर्मचारियों के वेतन - स्तर में अन्तर 'समाजवादी समाज रचना' के सिद्धान्त के विपरीत हैं। केन्द्र, राज्य सरकार और नगरपालिका के कर्मचारी समान परिस्थिति में रहते हुए और समान काम करते हुए भी यदि उनके वेतन एवम् अन्य भत्तों में असमानता हो तो निश्चय ही नगरपालिका के कर्मचारी अपने वेतन के प्रति असंतुष्ट और अपने कार्य के प्रति लापरवाह होंगे।

नगरपालिकाओं में काम करने वालों में से अधिकांश हरिजन कर्मचारी होते हैं। केन्द्रीय और राज्य सरकार हरिजनों को समाज के अन्य जातियों के समान लाने के लिये करोड़ों रूपया व्यय कर रही हैं। परन्तु आज तक वह कामयाब नहीं हुई हैं। हरिजन आज भी जूंठन व बासी भोजन मांग कर के अपना भरण पोषण करता हैं। सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा हरिजनों को समाज के अन्य अंगों के बराबर लाने का सतत् प्रत्न करने पर भी वह स्वयं नहीं आना चाहता। ऐसा करने के लिये उसका दिल नहीं चाहता। क्योंकि उसकी आर्थिक स्थिति बहुत खराब हैं, उसके पास खाने को नहीं हैं। यह इतिहास सिद्ध और सत्य बात यह हैं कि जब तक लोगों की आर्थिक स्थिति नहीं सुधारी जायगी, वह आगे नहीं बढ़ सकेगा। परन्तु आप द्वारा न्यूनतम वेतन दर बहुत कम निर्धारित किया गया हैं जिससे उसे कोई राहत नहीं मिलेगी। सरकार ने अन्य उद्योगों में काम करने वाले मजदूरों का न्यूनतम वेतन नगरपालिका कर्मचारियों से अधिक तय किया हैं। जबकि नगरपालिका कर्मचारी निकृष्ट से निकृष्ट कार्य करते हैं और तपेदिन एवम् संक्रामक रोगों से पीड़ित रहते हैं।

सरकार ने सूती मिलों में काम के भार और उनके वेतन स्तर की जांच के लिये 'दी राजस्थान एण्ड अजमेर कोटन टेक्सटाइल लेबर एडवाइजरी कमेटी', जिसे 'देशपांडे कमेटी' के नाम से भी संबोधीत करते हैं, बनाई थी। इस कमेटी ने सन् ५५ में सरकार को अपनी रिपोर्ट दी, उसमें न्यूनतम वेतन ६५) रूपया मासिक निश्चित करना प्रस्तावित किया था। सन् ५५ के पश्चात केन्द्रीय एवम् राज्य सरकार के करों में वृद्धि हुई हैं, जीवन-यापन की दैनिक उपयोगी आवश्यक वस्तुओं के भाव डेढ़े और दुगुने हो गये हैं। जिसके कारण देश में मंहगाई बहुत बढ़ी हैं। यदि सन् ५५ से ५९ के बीच अर्थात चार वर्ष में मंहगाई वृद्धि को कम से कम ३० प्रतिशत भी मान ले तो 'देशापांडे कमेटी' की रिपोर्ट के अनुसार ८५) मासिक न्यूनतम वेतन होना चाहिये था।

जबकि सरकार लोगों का रहन सहन का स्तर को बढाने के लिये प्रयत्नशील हैं। इस विगत वर्षों में आय के बनिस्पत लोगों का व्यय भार ~~बढ~~ बढ़ा हैं। वहां सरकार द्वारा न्यूनतम वेतन ३३।।) और ३७।।) नियत किया हैं।

माननीय श्री बद्रीप्रसाद जी सा० गुप्ता, चेयरमैन, राजस्थान श्रम सलाहकार मण्डल, ने मण्डल की बैठक दिनांक ६-४-५९ में मालिकों के प्रतिनिधियों को स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि किसी उद्योग में १।।) दैनिक नहीं दिया जाता हैं तो ऐसे उद्योग धंधे को बन्द कर देना ही उपयुक्त हैं। चेयरमैन महोदय, जो स्वायत शासन एवं श्रम मंत्री भी हैं, ने राज्य सरकार की ओर से मण्डल के सदस्यों को आश्वासन दिया था कि सार्वजनिक क्षेत्र में मण्डल के निर्णय यथाशीघ्र लागू किये जायेंगे। इसके विपरित सरकार ने न्यूनतम वेतन १=) निश्चित किया हैं, जो किसी भी स्थिति में विचारणीय नहीं कहा जा सकता।

राजस्थान म्यु० कर्मचारी संघ राज्य सरकार की इस मजदूर विरोधी नीति का विरोध करता हैं और राज्य सरकार से पूरजोर शब्दों में मांग करता हैं कि राज्य सरकार अपने इस निश्चय पर पुनर्विचार करें तथा नगरपालिका कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन ८५) रू० निर्धारित करें।

राजस्थान म्युनिसीपल कर्मचारी संघ की केन्द्रीय समिति की बैठक दिनांक १२ और १३ जुलाई, १९५९ को पाली में हुई, उसमें स्वीकृत प्रस्ताव :-

-------

प्रस्ताव सं० १

---

राजस्थान म्युनिसीपल कर्मचारी संघ द्वारा अपने प्रथम अधिवेशन ( दिनांक १३ और १४ दिसम्बर १९५७ ) में स्वीकृत प्रस्ताव एवम् बाद में केन्द्रीय समिति की बैठक दिनांक ७ और ८ अक्टूबर १९५८में पारित प्रस्तावों को सरकार के पास कार्यान्वयन हेतु भेजे बहुत समय हो चुका हैं परन्तु राज्य सरकार ने अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की हैं । यहां तक की संघ के पत्रों का उत्तर भी नहीं दिया जाता हैं ।

केन्द्रीय समिति ने अपनी पिछली बैठक में कतिपय फौरी मांगें यथाशीघ्र स्वीकार ~~करने~~ करने के लिये रखी थी, उन्हें भी १० मास का समय होने आया हैं ।

केन्द्रीय समिति को बहुत दु:ख हैं कि नगरपालिका कर्मचारियों की ऐसी महत्वपूर्ण एवं जीवन यापन संबंधी मांगों को सरकारी विभागों की लाल फीताशाही में उलझा दिया जाता हैं ।

केन्द्रीय समिति अभी तक के पत्र व्यवहार को देखकर इस निश्चय पर पहुंची हैं कि राज्य सरकार बिना संघर्ष के नगरपालिका कर्मचारियों की मांगे स्वीकार करना नहीं चाहती हैं।

अत: राजस्थान म्युनिसीपल कर्मचारी संघ की केन्द्रीय समिति सभी संगठनों एवम् नगरपालिका कर्मचारियों को आह्वान करती हैं कि -

(१) आगामी ५ अगस्त को मांग-दिवस के रूप में मनायें ।

(२) जिन जिन नगरपालिकाओं में संगठन नहीं बने हैं, वहां पर केन्द्रीय समिति एवम् संगठन सदस्यों के पदाधिकारी जाकर के संगठन बनाये और उन्हें फैडरेशन से संबंधीत करें ।

(३) दिनांक २३ और २४ अगस्त को जयपुर में पुन: समिति की बैठक बुलाई जायं । इस बैठक में संगठन सदस्यों के अलावा जयपुर खण्ड के की नगरपालिकाओं से एक - एक प्रतिनिधि को भी आमन्त्रित किया जायं ।

रामनारायण

-------

प्रस्ताव सं० २

---

राजस्थान सरकार ने १ अक्टूबर ५८ से २५०-०० तक वेतन पाने वाले राज्य कर्मचारियों के मंहगाई भते में ५) रूपया की वृद्धि की । परन्तु राज्य सरकार ने नगरपालिका कर्मचारियों के मंहगाई अलाउन्स में यह वृद्धि नहीं की ।

फैडरेशन की केन्द्रीय समिति ने नगरपालिका कर्मचारियों के मंहगाई भते में राज्य कर्मचारियों की तरह ही ५-०० रूपया वृद्धि करने बाबत प्रस्ताव पास किया । तदुपरान्त एक प्रतिनिधि मण्डल श्रीमि स्वायत शासन मंत्री जी एवं डिप्टी सैक्रेटरी साहब, स्वायत शासन विभाग से मिला, जिन्होने नगरपालिका कर्मचारियों के मंहगाई अलाउन्स में ५) वृद्धि करने का आश्वासन दिया ।

राजस्थान सरकार ने १ अक्टूबर ५८ से १००-०० तक वेतन तथा मंहगाई अलाउन्स पाने वाले म्युनिसीपल कर्मचारियों के मंहगाई भते में ५-०० रूपया की वृद्धि करने का आश्वासन दिया और इससे अधिक अर्थात् २५०-०० रूपया तक वेतन एवं मंहगाई अलाउन्स पाने वाले म्युनिसीपल कर्मचारियों का प्रश्न उन नगरपालिकाओं की इच्छाओं पर छोड़ दिया । इस आदेश के कुछ दिनों बाद सरकार ने एक अन्य आदेश निकाल कर यह अधिकार भी ले लिया ।

चूंकि कतिपय नगरपालिकाओं ने अपने कर्मचारियों के मंहगाई अलाउन्स में वृद्धि करने का प्रस्ताव भेजा, जो सरकार के पास विचाराधीन हीं हैं।

चूंकि नगरपालिकाओं में २००-०० से २५०-०० तक वेतन एवं मंहगाई पाने वाले कर्मचारी नाम मात्र ही रह जाते हैं, जिनके मंहगाई अलाउन्स में वृद्धि करने से नगरपालिका के वजट पर विशेष भार नहीं पड़ने वाला हैं।

चूंकि सरकार की पूर्व घोषणाओं के अनुसार नगरपालिका कर्मचारियों को वही मंहगाई भता मिल रहा हैं, जो राज्य सरकार के कर्मचारियों को। परन्तु इस नवीन मंहगाई वृद्धि में अन्तर कर सरकार ने पूर्व घोषणाओं एवम् प्रचलित नियमों की अवहेलना ही नहीं की वरन् म्युनिसीपल कर्मचारियों को सरकारी कर्मचारियों से निम्न समझा हैं।

चूंकि मंहगाई का असर सभी श्रेणी के सभी कर्मचारियों पर समान रूप से पड़ता हैं। समान काम करने वालों को समान वेतन मिलना चाहिये परन्तु सरकार ने समाजवादी समाज रचना के सिद्धान्त की प्रत्यक्ष रूप से अवहेलना की हैं।

अत: राजस्थान म्युनिसीपल कर्मचारी संघ की केन्द्रीय समिति राज्य सरकार से पुरजोर शब्दों में मांग करती हैं कि २००-०० रूपयों से २५०-०० रूपयों तक वेतन पाने वाले म्युनिसीपल कर्मचारियों के मंहगाई भते में १ अक्टूवर ५८ से ५) पांच रूपयों की वृद्धि की जायं।

--------

प्रस्ताव सं० ३

नगरपालिकाओं के कर्मचारी नगर के स्वास्थ्य एवम् सफाई के लिये रात दिन गंदगी, कूड़ा करकट, मैला आदि ढोते हैं। नगर में यदि कोई महामारी फैल जायं तो इसके लिये उन्हें इन महामारियों के भयंकर किटाणुओं से अपने प्राण संकट में डाल कर युद्ध करना पड़ता हैं। इस बात की हमेशा संभावना बनी रहती हैं कि वे इन बिमारियों से आक्रांत या पीड़ित न हो जायं।

चूंकि सफाई आदि के कार्य के लिये नगरपालिकाओं से साधन मुहय्या नहीं किये जाते हैं और जहां थोड़ बहुत दिये भी जाते हैं, वे पुराने ढंग केहोते हैं। इससे उन कर्मचारियों को टट्टियों से मैला और नालियों से गंदगी आदि को हाथ से साफ करनी पड़ती हैं। यहां तक की कर्मचारी मैला - पाखाना - सिर पर उठाकर निश्चित कचरा स्टेण्ड पर ले जाते हैं।

चूंकि राज्य सरकार अपने कर्मचारियों के बिमार हो जाने पर नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा देती हैं, जो दफतरों में कुर्सियों पर बैठकर कलम घसीटते हैं। इसके विपरित राष्ट्र के जीवन को स्वस्थ तथा स्वच्छ बनाने के लिये हानिकर किटाणुओं से रात-दिन झूझने वाले नागरिकों को चिकित्सा सुविधा नहीं देना मानवोचित नहीं हैं ?

चूंकि वर्तमान स्थिति में तो यही प्रकट होता हैं कि राज्य सरकार आवश्यकता के आधार पर नहीं वल्कि विशेष पद स्थिति ( राज्य कर्मचारियों की ) के कारण चिकित्सा सुविधा प्रदान करना चाहती हैं। यह भेदभावपूर्ण नीति नहीं तो क्या हैं ?

अत: राजस्थान म्युनिसीपल कर्मचारी संघ की केन्द्रीय समिति राज्य सरकार और नगरपालिकाओं से मांग करती हैं कि नगरपालिका कर्मचारियों की अनिवार्य स्वास्थ्य परीक्षा समय समय पर सुलभ की जायं ताकि उनके बिमार होने के पूर्व ही उचित चिकित्सा हो सके। जिससे छूत की बिमारी न फैल सके। यदि सरकार अनिवार्य स्वास्थ्य परीक्षा प्रणाली फिलहाल लागू नहीं करे तो कम से कम नि:शुल्क चिकित्सा की सुविधा तो नगरपालिकाओं कर्मचारियों को अवश्य प्रदान करें। इसी लिये 'मेडीकल एटेन्डेन्ट रूल्स' तत्काल म्युनिसीपल कर्मचारियों पर लागू करें।

प्रस्ताव सं० ४

राजस्थान सरकार ने नगरपालिकाओं की आय बढ़ाने के तरीके सुझाने के लिये श्री मथुरा दास माथुर, एम.पी. की अध्यक्षता में "म्युनिसीपल आय - स्त्रोत जांच समिति" की स्थापना की हैं ।

इस समिति ने एक प्रश्नावली बनाई, जिसे प्रान्त की सभी नगरपालिकाओं एवं संगठनों को अपने सुझाव भिजाने हेतु भेजा गया । प्रश्नावली में नगरपालिकाओं की आय बढ़ाने के साथ साथ नगरपालिका कर्मचारि ँ की सेवा स्थिति के संबंध में भी प्रश्न थ ।

राजस्थान म्युनिसीपल कर्मचारी संघ द्वारा समिति को नगरपालिका कर्मचारियों की सेवा स्थिति के संबंध में एक ज्ञापन प्रस्तुत किया गया ।

ऐसा विदित हुआ हैं कि "नगरपालिका विधेयक १९५९" के लागू होने के कुछ समय बाद समिति द्वारा नगरपालिकाओं के आय बढाने के तरीके के बारे में जांच की जाकर राज्य सरकार को रिपोर्ट पेश की जाने की संभावना हैं ।

चूंकि नगरपालिकाओं में सेवा आदि नियमों के नहीं होने से कर्मचारियों की सुरक्षा नहीं हैं । सेवाओं की असुरक्षा एवं वेतन आदि के संबंध में निश्चित नीति न होने से हमेशा असंतोष रहता हैं ।

चूंकि स्थानीय स्वशासन के कर्मचारियों के बार बार मांग करने पर इस प्रकार की समिति की स्थापना की गई हैं और यदि यह समिति बिना जांच किये ही समाप्त हो जायं या कुछ वर्षों बाद अपना कार्य करें, यह निराशाजनक हैं ।

अत: राजस्थान म्युनिसीपल कर्मचारी संघ की केन्द्रीय समिति राज्य सरकार एवम् "नगरपालिका-आय - स्त्रोत- जांच समिति" के सदस्यों से अनुरोध करती हैं कि समिति फिलहाल नगरपालिकाओं की आय बढाने के तरीकों के सुझाने के संबंध में विचार न करें तो भी नगरपालिका कर्मचारियों की सेवा स्थिति एवम् वेतन आदि के बारे में तो राज्य सरकार को शीघ्र ही अपनी रिपोर्ट पेश ~~करे~~ कर दें ।

-------

प्रस्ताव सं० ५

नगरपालिकाओं में सेवा - नियम एवम् उपनियमों के नहीं होने से वहां एक प्रकार से स्वेच्छाचारिता का ही बोल बाला रहता हैं । कर्मचारियों को बिना कारण ही निकाल दिया जाता हैं और ऐसा करने में किसी भी प्रकार के कानून की पालना नहीं की जाती हैं। सस्पेंड और जुर्माने करने आदि की घटनायें तो आये दिन घटित होती रहती हैं ।

चूंकि नगरपालिका कर्मचारियों के डिसमिसल, सस्पेंड और जुर्माने आदि के विरुद्ध अपील करने के निश्चित नियम नहीं हैं । न्याय प्राप्त करने की खर्चीली एवम् लम्बी प्रणाली के कारण गरीव, अशिक्षित या अर्धशिक्षित व्यक्ति के लिये न्याय प्राप्त कर सकना दुर्लभ ही नहीं वरन् दुष्कर भी हैं ।

चूंकि नगरपालिका में अधिकांश व्यक्तिगत तत्व ( पर्सनल एलिमेन्टस ) काम करते हैं । इस कारण से कर्मचारियों को ज्यादाव शिकार होना पड़ता हैं ।

चूंकि भारतीय विधान केअनुसार प्रत्येक व्यक्ति को न्याय मिलना चाहिये ।

अत: राजस्थान म्युनिसीपल कर्मचारी संघ की केन्द्रीय समिति राज्य सरकार से निवेदन करती हैं कि प्रत्येक डिवीजन में एक "अपीलेट कमेटी" की स्थापना की जायं, जिसमें निम्न सदस्य हों :-

| | |
|---|---|
| (१) राज्य सरकार का प्रतिनिधि १ | (२) श्रम विभाग का प्रतिनिधि १ |
| (३) नगरपालिका का प्रतिनिधि १ | (४) राजस्थान म्युनिसीपल कर्मचारी संघ का प्रतिनिधि २ |

## प्रस्ताव-६

नगरपालिकाओं में काम करने वाले कर्मचारी स्थानीय नगर या आस पास के देहातों के होते हैं। इन कर्मचारियों का स्थानान्तरण भी नहीं बहोता हैं। इस कारण इन्हें प्रारंभ से लेकर सेवा-मुक्ति तक एक ही नगरपालिका में कार्य करना पड़ता हैं। अधिकांश नगरपालिका कर्मचारियों के शहरों में मकान नहीं हैं और यदि हैं भी तो वे बहुत पुराने एवम् जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं।

चूंकि म्युनिसीपल कर्मचारियों का नागरिक जीवन से सीधा संबंध पड़ता हैं। आवश्यक - सेवा में होने के कारण म्युनिसीपल कर्मचारियों को किसी भी समय कार्य पर जाना पड़ता हैं। परन्तु नगर के विभिन्न भागों में स्थित होने के कारण दिन प्रतिदिन होने वाले जरूरी कार्यों में कठिनाई आती हैं।

केन्द्रीय एवम् राज्य सरकार ने नगरपालिका कर्मचारियों की आवास व्यवस्था के लिये द्वितीय पंचवर्षीय योजना में विशेष प्रावधान रखा हैं।

अत: राजस्थान म्युनिसीपल कर्मचारी संघ की केन्द्रीय समिति की यह बैठक राज्य सरकार से निवेदन करती हैं कि -

(१) नगरपालिका कर्मचारियों के गृह निर्माण के लिये नगरपालिकाओं को सहायता प्रदान करें।

(२) नगरपालिका कर्मचारियों को इन्डस्ट्रीयल हाउसिंग स्कीम के अन्तर्गत सहायता और ऋण दिया जायें।

(३) हरिजन कर्मचारियों के गृह निर्माण के लिये 'स्लम क्लीयरेन्स एण्ड स्वीपर्स हाउसिंग स्कीम' के अन्तर्गत सहायता और ऋण दिया जायें।

(४) म्युनिसीपल कालोनी निर्माण के लिये नि:शुल्क या नाम मात्र की दर पर भूमि एलोट की जायें।

साथ ही केन्द्रीय समिति नगरपालिकाओं से निवेदन करती हैं कि अपने कर्मचारियों के गृह निर्माण के लिये ऋण, सहायता एवम् नि:शुल्क या नाम मात्र की दर पर भूमि एलोट करने के लिये आवश्यक कार्यवाही करें।

-------

## प्रस्ताव सं० ७

राजस्थान सरकार ने राजाज्ञा सं० ४६४१,५८,एफ ७ ए (१४) एफ डी - ए (रूल्स) ५८ दि० २-३-५६ (वित विभाग) से राज्य कर्मचारियों के मंहगाई भते का कुछ हिस्सा मूल वेतन में दि० १-४-५८ से जोड़ने का आदेश निकाला हैं।

चूंकि राज्य सरकार ने यह आज्ञा राज्य कर्मचारियों के लिये ही निकाली हैं। नगरपालिका कर्मचारियों के वेतन में मंहगाई अलाउन्स का हिस्सा मिलाने का अभी तक कोई आदेश प्रसारित नहीं किया हैं।

चूंकि राज्य सरकार हमेशा नगरपालिका कर्मचारियों को उपेक्षा भरी दृष्टि से देखती हैं। नगरपालिका कर्मचारियों द्वारा वार बार मांग एवं आन्दोलन करने पर ही सरकार वे आज्ञाये नगरपालिका कर्मचारियों पर लागू करती हैं, जो राज्य कर्मचारियों पर पहले ही लागू कर दी जाती हैं।

फैडरेशन ने अपने पूर्व प्रस्तावों एवम् ज्ञापन में राज्य सरकार से मांग की थी कि नगर-

राज्येतर कार्य समक्ष उनके कर्मचारियों के प्रति किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करना चाहिये।

चूंकि सरकार द्वारा समय समय पर अपने कर्मचारियों के लिये प्रसारित अलाभकर नियम नगरपालिकाओं के कर्मचारियों पर उसी प्रकार लागू कर दिये जाते हैं तो नगरपालिका कर्मचारियों पर लाभकर नियम भी उसी प्रकार लागू कर दिये जाने चाहिये, जिस प्रकार राज्य कर्मचारियों पर लागू होते हैं ।

अत: राजस्थान म्युनिसीपल कर्मचारी संघ की केन्द्रीय समिति राज्य सरकार से मांग करती है कि राज्य कर्मचारियों की तरह म्युनिसीपल कर्मचारियों के वेतन में मंहगाई अलाउन्स का हिस्सा दि० १-४-५८ से जोड़ा जायं ।

-----------

प्रस्ताव सं०८

स्थानीय स्व शासन प्रजातन्त्र की आधार शिला हैं । स्थानीय स्व शासन की सफलता ही प्रजातन्त्र की सफलता हैं और उस पर ही उसका समुचित विकास अवलम्बीत हैं ।

स्थानीय स्व-शासन की सफलता उसके कर्मचारियों के हाथों में सुरक्षित रहती हैं। यदि कर्मचारीगण योग्य नहीं हैं, कुशल नहीं हैं और न प्रशिक्षित ही हैं तो वह प्रशासन कागज का एक ढांचा मात्र रह जाता हैं । इसलिये स्थानीय स्वशासन केवल योग्य कर्मचारियों के हाथों में सुरक्षित रहना चाहिये ।

चूंकि स्थानीय संस्थाओं में अधिकांश कर्मचारी अधिक पढ़े हुए नहीं हैं और न उन्हें अंग्रेजी भाषा का पूर्ण ज्ञान ही हैं ।

चूंकि स्थानीय स्वशासन की योग्यता एवम् कार्य कुशलता संस्था के विकास एवं प्रजातन्त्र की सुदृढ़ता के लिये जरूरी हैं ।

चूंकि प्रशिक्षित कर्मचारियों के अभाव में स्थानीय संस्थाओं और लोकतंत्रीय प्रणाली का जैसा विकास होना चाहिये, आज तक नहीं हो पाया हैं और न आम नागरिकों को सहूलियत ही दी गई हैं तथा न उनमें इन संस्थाओं के प्रति रूची ही उत्पन्न की जा सकी पाई हैं।

चूंकि "स्वायत शासन प्रशिक्षण केन्द्र" का माध्यम अंग्रेजी में होने से अधिकांश कर्मचारी प्रशिक्षण प्राप्त नहीं कर सके हैं । यदि कुछ कर्मचारी प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक भी हैं तो स्थानीय संस्थाएं उन्हें नहीं भेजती ।

चूंकि हिन्दी राष्ट्र भाषा हैं और उसकी अधिक दिन तक उपेक्षा अनुचित हैं । राष्ट्र भाषा के प्रचार एवं प्रसार के लिये यह आवश्यक हैं कि प्रशिक्षण केन्द्र का माध्यम हिन्दी भाषा हों ।

अत: राजस्थान म्युनिसीपल कर्मचारी संघ की केन्द्रीय समिति राज्य सरकार और दी आल इंडिया इन्स्टीट्यूट आफ लोकल सेल्फ गवर्नमेन्ट, बम्बई से निवेदन करती हैं कि "स्वायत शासन प्रशिक्षण केन्द्र, जयपुर" के प्रशिक्षण का माध्यम हिन्दी किया जायं ।

समिति राजस्थान सरकार से अनुरोध करती हैं कि -

(१) प्रत्येक नगरपालिका से एक एक कर्मचारी को नगरपालिका के खर्चे से प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिये भेजा जायं ।

(२) नगरपालिका के एग्जिक्युटीव आफिसर एवम् सेक्रेटीज की सिनीयरिटी की सूची बना कर १०-१० कर्मचारियों को क्रमश: प्रशिक्षण के लिये सरकारी या नगरपालिका के खर्चे से भेजा जायं ।

-----

## प्रस्ताव सं० ६

राजस्थान प्रान्त में सफाई का काम करने वाले हरिजन कर्मचारियों की स्थिति बड़ी दयनीय हैं । कर्मचारियों को न केवल कूड़ा-करकट बल्कि मैला एवम् पेशाब की सफाई भी करनी पड़ती हैं । परन्तु सफाई के कार्य के तरीके एवं साधन इस वैज्ञानिक युग में भी वही हैं जो सदियों पूर्व प्रचलित थे । किसी किसी नगरपालिका द्वारा तो सफाई के साधन मुहय्या नहीं किये जाते हैं जिससे कर्मचारियों को अल्प साधनों के कारण उन्हें निकृष्ट तरीके से कार्य करना पड़ता हैं ।

नगरपालिकाओं में टैकनिशयनों आदि ठठे के अभाव में सफाई एवम् स्वास्थ्य के लिये उचित मार्ग दर्शन नहीं मिल पाता । यही कारण हैं कि आज भी पालिका क्षेत्र में पुराने तरीके के पेशाबघर और टाट्टे बनवा दी जाती हैं, जिसके परिणाम स्वरूप हरिजनों को गंदा जीवन व्यतीत करना पड़ता हैं ।

केन्द्रीय एवम् राज्य सरकार हरिजनों के उत्थान के लिये प्रयत्नशील हैं । लेकिन जब तक हरिजनों द्वारा किये जाने वाले कार्य में आमूल परिवर्तन नहीं कर दिया जाता तब तक हरिजन लोग समाज के अन्य वर्ग के समान आ नहीं सकते । सरकार अभी तक मूल को छोड़कर बाह्य पहलू को ही ले बैठी हैं, जिससे यह समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई हैं ।

यदि हरिजनों की पुरानी कार्य पद्धति में परिवर्तन कर दिया जायं तो राजस्थान के नगर न केवल साफ सुथरे एवम् स्वच्छ नजर आयेंगें बल्कि छुआछूत की समस्या जिसके लिये सरकार प्रयत्नशील हैं, उसके लिये भी यह एक बहुत बड़ा कार्य हो सकता हैं ।

अत: राजस्थान म्युनिसीपल कर्मचारी संघ की केन्द्रीय समिति अपने समस्त संगठनों एवम् हरिजनोंत्थान में लगी समस्त संस्थाओं से निवेदन करती हैं कि वे अपने अपने संगठन की बैठक बुलाकर हरिजनों द्वारा किये जाने वाले कार्य के तौर और तरीकों में किस प्रकार परिवर्तन किया जायं, गोष्ठी करें तथा इस गोष्ठी की रिपोर्ट प्रधान कार्यालय में भिजवावें । उक्त रिपोर्ट में वर्तमान स्थिति का पूरा पूरा विवरण एवम् सुधार करने पर होने वाले लाभ का उल्लेख होना चाहिये ।

संगठनों एवम् संस्थाओं द्वारा इस संबंध में रिपोर्ट आने पर केन्द्रीय समिति में विचार किया जायगा तथा उस रिपोर्ट के आधार पर राज्य सरकार को एक ज्ञापन पेश किया जायगा ।

[signature]

----

## प्रस्ताव सं० १०

प्रान्त की अधिकांश नगरपालिकाओं में चुंगी नाकों पर काम करने वाले कर्मचारियों से १२ और १४ घंटे तक कार्य करना पड़ता हैं । जबकि नियम के अनुसार ४८ घंटे से अधिक कार्य नहीं लिया जाना चाहिये ।

चुंगी कर्मचारियों को नाकों पर विशेष समय काम करने का किसी प्रकार का अलाउन्स नहीं दिया जाता हैं ।

अत: राजस्थान म्युनिसीपल कर्मचारी संघ की केन्द्रीय समिति राज्य सरकार एवम् नगरपालिकाओं से पुरजोर शब्दों में मांग करती हैं कि नियत समय (नियमानुसार) से अधिक कार्य न लें । यदि पालिकायें कर्मचारियों से नियत समय से अधिक कार्य ले तो उन्हें नियमानुसार ओवरटाइम अलाउन्स दिया जायं ।

[signature]

-----

RESOLUTION No. 11.

ON FORMATION OF WORKS COMMITTEES.

It has been observed that these days a number of issues are arisingbetween the management and the Labourers of the Municipal bodies and that every time it is required to approach the Tribunal or the Board. These requires lot of time and nergy both and at times it becomes very difficult to get decisions within the specified time.

According to the decision of the Industrial Disputes Court it has been made obligatory that everywhere where there is any possibility of differences arising between the Management and the Labour Works Committee consisting of the Representatives of the Employer and the Employee should be formed which would deal various problems in a systematic manner.

The various issues and types difficulties that occur during the day to day working of the Muncipalities are listed in a seperate list attached hereto.

The Committee therefore resolves that every Muncipal Employees Union should arrange the formation of Works Committee within their Unit, in a specified time so as to create a channel for smooth, cordial and efficient working of the establishment.

The Central also requests the management of various Muncipalities, District Boards and such other bodies to take lively interest in the working of their own establishment and help the local Union to form a Works Committee as soon as possible.

TYPES OF ISSUES

1) Prohotiom of Physical welfare and the improvement of working conditions, provisions of Drinking Water accident prevention and provision of Safety appliances.

2) The distribution of working hours, starting & closing time and rest periods.
time

3) Leave scheme for statuory leave

4) Entertainment and Sports.

5) Question of discipline and conduct as between Management and workers and between Workers and Workers.

6) Time Keeping, malingering, bullying, quarrels when on Duty etc.

7) Prevention of Money lending

8) Suggestion of improvements in methods and organisation of Work

9) Investigation of circumstances tending to reduce efficiency or in any way to interfere with satisfactory working of the establishment.

10) Educatio of the Workers and their rights and duties under various labour laws applicable to them.

11) Education of Workers in matters of National Economy.

12. Matters pertaining to time of payment of wages, explaination of calculation or piece rates and Holidays.

13. Absentees and cause-faults

14. Paid Holidays

15) Overtime work and payments.

16) Investment in National Savings Scheme

17) Safety provisions.

18) Provision of Canteens on cooperative basis to include x supplies of Provisions also.

19) Various facilities warranted under Labour Law or by Custom or tradition,

20) Individual complaints of workers

21) Labour Welfare measures.

R. Sharma

RESOLUTION No. 12.

FIXING OF MINIMUM WAGES.

The Central Committee of the Rajasthan Municipal Employees Federation held at Pali on 12th and 13th July 1959 took into consideration the letter No.RMKS/U-G/733/59-60 dated 21-5-59 from the General Secretary, R.M.E.Federation to the Secretary Local Self Government, Rajasthan, Jaipur regarding the fixation of mimimum wages of Municipal Emmployees of Local Bodies and the Committee resolved that Minimum wages of Rs.85/- per month should be fixed at an early date.

--------

R Sharma

प्रस्ताव सं० १३

--------------

म्युनिसीपल कौंसिल जयपुर में नियुक्त हरिजन महिलायें पार्ट ही चली आ रही हैं ; इसी तरह कुछ हरिजन कर्मचारी अस्थाई ही रख छोड़े हैं ।

महिला एवं पुरूष कर्मचारियों को काम करते हुए बहुत समय हो गया हैं परन्तु वे अभी तक सब पार्ट टाइम एवं अस्थाई ही चले आ रहे हैं जो कि नियम केविरूद्ध हैं ।

अत: राजस्थान म्युनिसीपल कर्मचारी संघ की केन्द्रीय समिति जयपुर म्युनिसीपल कौंसिल के अधिकारियों एवम् राज्य सरकार से निवेदन करती हैं कि म्युनिसीपल कौंसिल जयपुर में काम करने वाले महिला एवम् पुरूष कर्मचारी को पूर्णकालीन एवम् स्थाई किये जायं और उन्हें `ए` श्रेणी नगरपालिका की वेतन - श्रृंखला दी जायं ।

------

रामस्वरूप शर्मा

प्रस्ताव सं० १४

राजस्थान म्युनिसीपल कर्मचारी संघ की केन्द्रीय समिति प्रान्त की सभी नगरपालिकाओं से निवेदन करती हैं कि अपने कर्मचारियों के मनोरंजन ( Recreation ) के लिए नगरपालिका की ओर से वेलफेयर सेन्टर खोले जायं।

स्वीकार

-------

प्रस्ताव सं० १५

स्थानीय स्वशासन की सफलता लोकतन्त्र की सफलता एवम् सुदृढ़ता हैं। यदि स्थानीय स्वशासन असफल हो जाता हैं तो प्रजातन्त्र अधिक दिन नहीं चल सकता। और स्थानीय स्वशासन की सफलता - असफलता बहुत कुछ उसके कर्मचारियों पर निर्भर करती हैं।

नगरपालिकाओं का सीधा संबंध आम जनता से होता हैं। अत: उसके कर्मचारियों का भिन्न भिन्न प्रकृति के कर्मचारियों से काम पड़ता हैं। यदि उनके कार्य में किसी प्रकार की ढ़िलाई या देरी हो जाती हैं तो वह नगरपालिका एवम् कर्मचारियों के संबंध में एक गलत विचार लेकर चला जाता हैं साथ ही स्वार्थरत व्यक्तियों को कर्मचारियों के विरुद्ध जनता में गलतफहमी पैदा करने का अवसर मिल जाता हैं।

कभी कभी हमारी मांगे पालिका की आर्थिक स्थिति की वजह से भी अस्वीकार कर दी जाती हैं और कर्मचारियों को अल्प वेतन में ही सेवा करने के लिये मजबूर होना पड़ता है।

अत: राजस्थान म्युनिसीपल कर्मचारी संघ की केन्द्रीय समिति समस्त सदस्य संगठनों से निवेदन करती हैं कि -

(१) नगरपालिका की आय वढ़ाने के लिये नगरपालिका को सुझाव दें और उसके प्रयत्न करें।

(२) नगरपालिका के दैनिक कार्य में तत्परता और स्फूर्ति लाने, प्रशासनीक कार्य में सुधार करने के लिये संगठन की बैठक में विचार करें और ऐसी प्रणाली सुझायें जिससे आम जनता को अधिक से अधिक सहूलियत मिलें।

समिति नगरपालिका से भी निवेदन करती हैं कि स्थानीय संगठनों एवम् कर्मचारियों को इस कार्य में सहायता प्रदान करें और संगठन जो भी सुझाव दें पालिका उस पर सहानुभूति पूर्वक विचार करें और उन्हें कार्यान्वित करें।

स्वीकार

----

प्रस्ताव सं० १६
-------------

केन्द्रीय समिति की पिछली बैठकों में स्थगित विषय संघ द्वारा एक पत्रिका का प्रकाशन करने के संबंध में विचार विमर्श करने के पश्चात् सर्व सम्मति से निश्चय किया कि -

(१)

(अ) फेडरेशन के अन्तर्गत फिलहाल एक त्रैमासिक पत्रिका का प्रकाशन किया जायें, जिससे संगठन की मांगों, स्थानीय संगठनों की समस्याऐं, और कर्मचारियों के साथ किये जाने वाले व्यवहार, ~~xxxxxxx~~ संगठन की प्रगति आदि की जानकारी, नगरपालिकाओं एवम् आम जनता को हो सकें।

(ब) स्वस्थ नागरिक जीवन एवम् स्वायत शासन के विकास के लिये संगठन द्वारा प्रयत्न किया जायें।

(२) अखिल भारतीय स्वायत शासन कर्मचारी (प्रथम) सम्मेलन के पूर्व एक अंक प्रकाशित किया जायें।

(३) सदस्य संगठनों से निवेदन किया जायें कि अधिक से अधिक स्थानीय तौर से विज्ञापन प्राप्त कर भिजवावें।

---

प्रस्ताव सं० १७
-------------

केन्द्रीय समिति ने अपनी पिछली बैठक में एक प्रस्ताव (संख्या ७) पास किया था कि प्रत्येक डिवीजन को छोटी छोटी इकाइयों में विभाजित कर, प्रत्येक इकाई का एक एक संयोजक नियुक्त किया जायें। इससे अधिक से अधिक संगठन बन सकेंगे और बाद में क्षेत्रीय समितियों का गठन आसानी से किया जा सकेगा।

समिति को यह मालूम हुआ हैं कि किसी भी संयोजक ने संगठन बनाने के लिये प्रयत्न नहीं किया हैं।

अत: केन्द्रीय समिति निश्चय करती हैं कि सभी संगठनों को लिखा जायें कि अपने डिवीजन में किस किस नगरपालिका की इकाई बनाई जायें एवं उस इकाई का किस साथी को संयोजक नियुक्त किया जायें।

सभी संगठनों से इस आशय की सूचना आने पर मंत्री जी इकाई बनाने और उसके संयोजक नियुक्त करें।

------

प्रस्ताव सं० १८
-------------

केन्द्रीय समिति सन् १९५९-६० के लिये फेडरेशन का निम्न बजट (आय-व्यय) स्वीकार करती हैं -

| आय | व्यय |
|---|---|
| २५००) वार्षिक शुल्क | २५०) आफिस किराया |
| २५०) सदस्य - शुल्क | २००) स्टेशनरी और छपाई |
